# म.प्र.कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क ईस्ट७ भोपाल 462011

फोन न.–. +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498,

website: www.peb.mp.gov.in, E-Complain Id : Complain.peb@mp.gov.in


## समूह-2 उप समूह-4 सहा.समपरीक्षक, सहा. जन सम्पर्क अधि0, सहा. नगर निवेक्षक, सहा. राजस्व अधि0, सहा. अग्निशमन अधि. एवं समकक्ष पदो की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती

## तथा भू-अभिलेख, राजस्व विभाग के अन्तर्गत पटवारी (कार्यपालिक) पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022

### परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन-पत्र | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | : 05-01-2023 | आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | : 19-01-2023 |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि | : 05-01-2023 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि | : 24-01-2023 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | | 15-03-2023 से प्रारम्भ | |
| **परीक्षा शुल्क** | | | |
| सीधी भर्ती/संविदा पदो हेतु | अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | | रू. 500/- |
| | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | | रू. 250/- |
| सीधी भर्ती - बैकलॉग | | | कोई शुल्क नहीं |
| ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा । | | | |

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 15-03-2023 से प्रारम्भ | **प्रथम** | **प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक** | 08:50 **से** 09:00 **बजे तक** (10 **मिनट**) | **प्रातः** 09:00 **से** 12:00 **बजे तक** (3:00 **घंटे**) |
| | **द्वितीय** | **दोपहर 12:30 से 01:30 बजे तक** | 02:20 **से** 02:30 **बजे तक** (10 **मिनट**) | **दोपहर** 02:30 **से** 05:30 **बजे तक** (3:00 **घंटे**) |

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई.(UIDAI) के द्वारा सत्यापित(Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई-आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति/ आधार नंबर / आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं |
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है । अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नम्बर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें ।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है